समाचार–प्रकाशनार्थ :–

कुशाभाउ ठाकरे तरणताल (स्वीमिंग पुल) नागरिकों के लिये खुला

विधायक मा0 श्री काश्यप की उपस्थिति में हुआ प्रारंभ

रतलाम 14 अप्रैल । सिविक सेंटर स्थित कुशाभाउ ठाकरे तरणताल खिलाड़ियों व नागरिकों के तैराकी हेतु विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप की उपस्थिति में पुनः प्रारंभ किया गया।

इस अवसर पर विधायक श्री काश्यप ने कहा कि 2 करोड़ की लागत का यह स्वीमिंग पुल कोरोना के चलते पिछले 2 वर्षो से बंद था खिलाड़ियों व नागरिकों की मांग इसे आज डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर पुनः प्रारंभ किया गया है जिससे तैराकी के खिलाड़ियों प्रतिदिन प्रेक्टिस कर सकेंगे वहीं नागरिकों को ग्रीष्म ऋतु में तैराकी से गर्मी से राहत मिलेगी।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने इस अवसर पर बताया कि स्वीमिंग पुल प्रारंभ करने के पूर्व नगर निगम द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है वर्तमान में सीमित मात्रा में नागरिकों को सायं 6 से 10 बजे तक निर्धारित शुल्क पर प्रवेश दिया जायेगा।

नगर के प्राचीन मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार–श्री काश्यप

बरबड़ मेले का हुआ भव्य शुभारंभ

रतलाम 14 अप्रैल । नगर निगम द्वारा 14 से 16 अप्रैल तक आयोजित तीन दिवसीय बरवड़ मेले का शुभारंभ विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप ने निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, जनप्रतिनिधि व नागरिको के साथ सुन्दरकाण्ड के साथ विधिवत् पूजा–अर्चना कर किया।

विधायक रतलाम शहन माननीय श्री काश्यप ने इस अवसर पर कहा कि बरबड़ मेला प्राचीन मेला होकर 100 वर्षो से अधिक समय से आयोजित हो रहा है। कोरोना महामारी के चलते यह मेला पिछले दो वर्षो से आयोजित नहीं हो रहा था दो वर्षो बाद यह मेला आयोजित हो रहा है।

बरबड़ हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार को विधायक श्री काश्यप ने देखकर ट्रस्ट की प्रशंसा करते हुए कहा कि नगर के सभी प्राचीन मंदिरो का जीर्णोद्धार किये जाना है ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी अपने धर्म से जुड़ी रहे।

उन्होने कहा कि रतलाम के विकास हेतु पीथमपुर इण्डस्ट्रीयल पार्क के बराबर रतलाम में भी 1500 हेक्टर भूमि पर इण्डस्ट्रीयल पार्क तैयार होगा इसके लिये भूमि का चयन कर लिया गया है व शासन द्वारा 500 करोड़ की राशी भी स्वीकृत की गई है।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि मेला आयोजन हेतु नगर निगम द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है नागरिकों के मनोरंजन हेतु रात्री में निगम रंगमंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये है जिसके तहत 15 अप्रैल शुक्रवार को खाटू श्याम की भजन संध्या व 16 अप्रैल शनिवार को आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया है।

प्रारंभ में विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप के अलावा सर्वश्री निर्मल कटारिया, श्रीमती अनिता कटारिया, अशोक पोरवाल, विप्लव जैन, प्रहलाद पटेल, मयूर पुरोहित, कृष्ण कुमार सोनी, श्रीमती अनिता कटारा, श्रीमती अनिता पाहूजा आदि का स्वागत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया व उपायुक्त श्री विकास सोलंकी ने पुष्पहार व पुष्प गुच्छ से किया।

कार्यक्रम का संचालन श्री शैलेन्द्र गोठवाल ने किया व आभार कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास ने माना।

समाचार / ज.सं.वि. / हेमन्त / 14.04.2022 / न.पा.निगम, रतलाम.